तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



4 चैत्र नवरात्र के अवसर पर श्री राम सेना ने शहर में निकाली भव्य शोभा यात्रा





बवासीर का आधुनिक इलाज

अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं

मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है

स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल

लायंस चौक, चाम्पा

गुप्ता हॉस्पिटल

डॉ. शुभम् गुप्ता

गुदा रोग विशेषज्ञ

संपर्क करें :- 7400009183


## खबर संक्षेप

### प्रशासन रैली, जुलूस पर ड्रोन के माध्यम से रखेगा निगरानी

**अम्बिकापुर।** लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा जिले में लोकशांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर मापदंड का पालन किया जा रहा है। जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है, इसी कड़ी में आगामी दिनों में होने वाली सभी तरह की रैली, जुलूस, शोभायात्रा और सभा में प्रशासन द्वारा सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन के जरिए निगरानी की जाएगी। भीड़-भाड़ वाले आयोजनों में आसामाजिक तत्वों द्वारा किसी तरह से अशांति फैलाने के प्रयास पर सूक्ष्म निगरानी रखने प्रशासन द्वारा ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। कलेक्टर विलास भोसकर एवं एसपी विजय अग्रवाल के नेतृत्व में प्रशासन द्वारा इसकी तैयारी कर ली गई है। साथ ही राजस्व एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को भी इसके बेहतर क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया है।

### मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण 18 एवं 19 को

**बलरामपुर।** लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत जिले के मतदान केंद्रों में मतदान कराने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों का प्रथम प्रशिक्षण विकासखण्ड स्तर पर 18 एवं 19 अप्रैल को आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान कराने में लगाई गई है उन्हें निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रशिक्षण में समय पर नियत स्थान में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### सर्पदंश से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** बकरी चराने गए ग्रामीण को जहरीले सांप ने काट लिया। समय पर एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिल पाने से गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम बेढ़ी निवासी सकल मिंज आ. वीरू मिंज (48 वर्ष) रविवार की सुबह बकरी चराने गया था। बकरी चराने के बाद 10.30 बजे घर आया और परिवार के लोगों को बताया कि उसे जहरीले सांप ने काट लिया है। परिजन ग्रामीण को तत्काल राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां हाथ में सूजन हो जाने से बॉटल नहीं चढ़ पाने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन संजीवनी 108 को फोन किया परंतु दो घंटे बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंची तो परिजन किराए के निजी वाहन से ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** जन्मदिन के पार्टी में शामिल होने जा रहे बाइक सवार को ग्राम बकालों के समीप ऑटो चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक की मौत हो गई जबकि घायल हुए दूसरे युवक का उपचार जारी है। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम बकालो निवासी गौरव कुमार केरकेट्टा आ. अनिल केरकेट्टा (22 वर्ष) गत शाम चचेरा भाई गोलू व पड़ोसी अनिष के साथ बाइक क्रमांक सीजी 15 डीयू 0636 से ग्राम खाला परिचित के यहां जन्मदिन पार्टी में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार ग्राम बकालो मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गौरव व गोलू गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि अनिष को मामूली चोटें आई। परिजन घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां गौरव की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि गोलू का उपचार जारी है।

---

### राष्ट्रीय पार्टी के घोषणापत्र से भाजपा का ही नाम गायब, एक व्यक्ति के नाम लड़ रहे चुनाव: टीएस

# नामांकन रैली में कांग्रेस ने दिखाई ताकत



कांग्रेस की नामांकन रैली में शामिल पार्टी दाधिकारी व कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत दूसरे दिन कांग्रेस भाजपा समेत तीन अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है जबकि तीन ने नामांकन पत्र खरीदा। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह ने चैत्र नवरात्रि के सप्तमी पर मां महामाया के दर्शन उपरान्त अपना दो सेट नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कांग्रेस द्वारा शहर में विशाल रैली निकाली गई। कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन रैली में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी शामिल हुए। इस दौरान श्री सिंहदेव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने भाजपा के घोषणापत्र पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नागरिक होने के नाते भाजपा के घोषणापत्र से निराश व कांग्रेसी होने के नाते खुश हूँ क्यों कि उस घोषणापत्र में कुछ भी नहीं है। वर्ष 2014 और 2019 में कही गई बातें ही पूरी होती नजर नहीं आ रही है। घोषणापत्र में कुछ भी नया नहीं है जो बातें पूर्व में कहीं गई थी वहीं बातें इस घोषणापत्र में है। पहले किए गए वादे भी पुरे नहीं हुए। पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए श्री सिंहदेव ने कहा कि आश्चर्य की बात है कि राष्ट्रीय स्तर की पार्टी जो कहती है कि हम दुनिया में हम सबसे ज्यादा सदस्य वाली पार्ट है उनका नाम ही घोषणापत्र में नहीं है। एक व्यक्ति के नाम से चुनाव लड़ा जा रहा है तो भाजपा की उपस्थिति इस घोषणापत्र के माध्यम से बहुत नीचे कर दी गई है। यही चुनाव का मुद्दा है कि एक व्यक्ति के नाम पर पूरे देश के प्रबंधन को कब्जे में लेने का जो प्रयास हो रहा है वो इस घोषणापत्र में दिख रहा है। इसलिए देश को सतर्क हो जाना चाहिए क्यों कि एक दल ही पीछे चला गया और एक व्यक्ति सब कुछ हो गया। वो विष्णु के अवतार के रूप में भी कहे जाने लग रहे है। वो राम जी का हाथ पकड़कर चला रहे है। ऐसे में जो चुनाव हो रहा है वो सब को दिखना चाहिए कि हो क्या रहा है। घोषणापत्र में भाजपा का नाम एक जगह नहीं है कि हम ये वादा पूरा करके देंगे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रायस है कि सभी 11 सीटों में अच्छा प्रदर्शन करें लेकिन यह संभव नहीं है। इस मामले में सरगुजा संभाग अपवाद रहा कि पहले 14 की 14 सीटें इधर आ गई और फिर उधर चली गई लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता है। हमें सभी सीटों पर संघर्ष करना है। तीन सीटों में ज्यादा मेहनत लगेगी और बाकी सरगुजा समेत आठ सीटों में अच्छी ताकत के साथ मिलकर लड़ेंगे तो अच्छे परिणाम आएंगे। इस दौरान पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, प्रेमसाय सिंह टेकाम, खेलसाय सिंह, पारसनाथ राजवाड़े, जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, शफी अहमद, जेपी श्रीवास्तव सहित हजारों की संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

**खास बातें**

- महामाया मंदिर से निकाली गई रैली
- भाजपा प्रत्याशी ने पहला सेट किया जमा

#### कांग्रेस मुक्त करते करते हो गए कांग्रेस युक्त : मरकाम

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि इस बार हम दमदारी के साथ सरगुजा समेत सभी 11 सीटों पर चुनाव लड़ रहे है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद सरगुजा सीट नहीं जीत पाए लेकिन इस बार कोशिश कर रहे है कि हम जीते। भाजपा की लहर पर उन्होंने कहा कि यदि भाजपा की लहर होती तो कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को अपने शामिल नहीं करना पड़ता। कांग्रेस मुक्त करते करते भाजपा कांग्रेस युक्त पार्टी बन गई है। चुनाव में भी अधिकतर कांग्रेस से गए लोगों को टिकट मिला है और भाजपा के लोग बाहर हो गए है। भाजपा में कोई नेता जाता भी है तो फर्क नहीं पड़ता क्यों कि कार्यकर्ता हमारे साथ है और हम कार्यकर्ताओं एक दम पर चुनाव लड़ेंगे।

#### मलाई खाने वालों पर हसंते है लोग

कांग्रेस नेताओं के भाजपा में शामिल होने पर पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि एक व्यक्ति के शामिल होने से कोई फर्क नहीं पड़ता बल्कि लोग हस रहे है। आज ही किसी व्यक्ति ने मुझसे कहा और मै भी इस बात को दोहरा रहा हूं कि जो मलाई खा रहे थे वहीं उधर दिख रहे है। पांच साल जो इधर मलाई खाते हुए दिखे वही उधर जाते हुए दिख रहे है और इसका प्रभाव उल्टा पड़ता है और लोग हसते है कि उनके जाने से क्या प्रभाव पड़ेगा।

#### धर्म स्थलों में आशीर्वाद लेकर भरा नामांकन

सोमवार को सप्तमी के विशेष मुहूर्त पर कांग्रेस की सांसद प्रत्याशी शशि सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उन्होंने चर्च, गुरुद्वारा, जैन मंदिर, तकिया मजार, महामाया मंदिर, समलाया मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। कांग्रेस की नामांकन रैली महामाया मंदिर से प्रारंभ हुई। महामया रोड, देवीगंज रोड, संगम चौक, घड़ी चौक होते हुए रैली कलेक्टोरेट परिसर पहुंची जहां उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव देश की दशा और दिशा बदलने वाला चुनाव है। कांग्रेस पार्टी के अनुभवी नेताओं के मार्गदर्शन में युवा जोश के साथ पूरे दमखम से हम चुनाव लड़ेंगे और निश्चित ही जीतेंगे। पिछले 20 सालों से सरगुजा ने निष्क्रिय सांसदों को देखा है, इस बार मां महामाया व जनता के आशीर्वाद से परिवर्तन सुनिश्चित है।



#### जब शशि ने पैर छूकर लिया आशीर्वाद

आज नाम निर्देशन प्रक्रिया के दौरान कलेक्टोरेट परिसर में एक अलग ही नजारा देखने को मिला। लोकतंत्र के इस महापर्व में नामांकन दाखिल करने के लिए शक्तिप्रदर्शन के साथ कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह कलेक्टोरेट पहुंची हुई थी इसी दौरान भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज भी अपना पहला नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे थे। इसी बीच एक समय दोनों का आमना सामना हो गया। ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह शिष्टाचार का परिचय देते हुए तत्काल चिंतामणी महाराज के पास पहुंच गई और उन्होंने पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं चिंतामणी महाराज ने भी शशि सिंह को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



#### भाजपा प्रत्याशी ने दाखिल किया अपना पहला नामांकन



आज नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत सप्तमी के मुहूर्त पर भाजपा से सांसद प्रत्याशी चिंतामणी महाराज ने भी अपना पहला नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है। सांसद प्रत्याशी श्री चिंतामणी ने भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता की मौजूदगी में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। हालांकि भाजपा द्वारा 19 अप्रैल को शक्तिप्रदर्शन के साथ दूसरा नामांकन पत्र दाखिल किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूरे देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधान सेवक बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सरगुजा लोकसभा की सीट भी हम ऐतिहासिक मतों से जीतने जा रहे हैं। वहीं सिंहदेव द्वारा मलाई खाने वाले बयान पर हम कि हमने मलाई नहीं खाया। हम इस लिए भाजपा में शामिल हुए क्यों कि जैसा चाहते थे वैसी सेवा स्वतंत्र रूप से जनता की सेवा नहीं कर पा रहे थे। भाजपा में कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। हम अपने घर में आए है और सब की मंशा के अनुरूप और स्वेच्छा से काम कर सकेंगे। अगर काम करने को मलाई खाना कहा जाता है वो यह गलत बात है। इस अवसर पर जिला सह कोषाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, प्रस्तावक अरुण राजवाडे तथा प्रकाशमणि त्रिपाठी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### तीन अभ्यर्थियों ने भरे चार नामांकन

आज नाम निर्देशन प्रक्रिया के तहत सरगुजा लोकसभा सीट के लिए 3 अभ्यर्थियों ने 4 नामांकन पत्र दाखिल किए। वहीं 3 लोगों ने नामांकन पत्र क्रय किए हैं। सोमवार को नाम निर्देशन के दूसरे दिन भारतीय जनता पार्टी से अभ्यर्थी चिंतामणी महाराज ने एक सेट नामांकन पत्र, इंडियन नेशनल कांग्रेस से अभ्यर्थी शशि सिंह ने 2 सेट नामांकन पत्र एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से लक्ष्मण सिंह उदय गोंड ने एक सेट नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी तरह दूसरे दिन कुल 3 लोगों ने नामांकन पत्र क्रय किए। जिसमें हमर राज पार्टी से अनूक प्रताप सिंह, बहुजन मुक्ति पार्टी से ब्लासियुस तिग्गा एवं अरविंद कच्छप ने नामांकन पत्र क्रय किया है। इस तरह अब तक कुल 11 अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन फॉर्म क्रय किए गए हैं।

---

### राशन, दैनिक उपयोग के सामान के साथ दी गई सहायता राशि, आवास के लिए की गई पहल

## तीन बच्चों की मौत के बाद परिजन से मिलने पहुंचे कलेक्टर, एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट के बरिमा में हुई आगजनी की घटना में ही परिवार के तीन बच्चों की जलकर मौत की घटना के मामले में सोमवार को कलेक्टर एसपी ने घटना स्थल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजन से मुलाकात उन्हें ढांढ़स बंधाया और परिजन को राशन, कपड़ों के साथ ही तत्काल सहायता राशि का भुगतान किया गया। इसके साथ ही उन्होंने आवास की समस्या का निराकरण करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। बता दें कि शनिवार की देर रात मैनपाट विकासखंड के बरिमा पकरी पारा निवासी 8 वर्षीया गुलाबी, 6 वर्षीय सुषमा 3 वर्षीय रामप्रसाद की घर में आग लगने के कारण जलकर मौत हो गई थी। घटना के वक्त बच्चों की मां घर के दरवाजे में बाहर से कुंडी लगाकर दूसरे व्यक्ति के घर खाने पीने के लिए गई हुई थी ऐसे में आग लगने पर बच्चे भाग भी नहीं पाए। वहीं बच्चों का पिता कमाने के लिए पहले से ही महाराष्ट्र के पुणे गया हुआ है। इस घटना में महिला की सबसे बड़ी बेटी सहेली के घर सोने गई हुई थी इस लिए वह भी बच गई। घर में आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। इधर इस घटना के बाद कलेक्टर विलास भोसकर और एसपी विजय अग्रवाल सोमवार को बरिमा गांव पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। कलेक्टर श्री भोस्कर ने संवेदशीलता के साथ परिजनों से बात करते हुए कहा कि इस दुखद घटना में क्षतिपूर्ति कर पाना संभव नहीं है, पर प्रशासन द्वारा हर संभव मदद का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से परिवार की मदद के लिए दिए गए निर्देशों के पालन की जानकारी भी ली। गौरतलब है कि घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर श्री भोस्कर ने एसडीएम मैनपाट और संबंधित टीम को मौके पर पहुंचकर जानकारी लेने और आवश्यक मदद करने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में परिवार को दो माह का राशन, दैनिक उपयोग के सामान और आरबीसी 6-4 के तहत 12 लाख रुपए तत्काल आपदा सहायता राशि चेक माता सुघनी मांझी प्रदाय किया गया है। इसके साथ ही वर्तमान आवास के नष्ट हो जाने पर परिवार की आवास की समस्या के निराकरण हेतु कलेक्टर द्वारा नियम अनुरूप कार्रवाई करते हुए आवास की व्यवस्था किए जाने अधिकारियों को निर्देशित किया जिसके तहत काम शुरू कर दिया गया है।



## कार दुर्घटना में बरियों के युवा व्यावसायी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/राजपुर

- रातभर कार में पड़ा रहा युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

बीती कार हादसे में बरियों के युवा व्यवसायी की मौत हो गई। बड़ी बात यह है कि घटना के बाद व्यवसायी पूरी रात सड़क किनारे कार में ही पड़ा रहा और किसी की नजर उसपर नहीं गई। आज सुबह लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि बरियों निवासी मणिदीप जायसवाल आ. सदानंद जायसवाल जायसवाल जनरल स्टोर की दुकान है। व्यवसायी 14 अप्रैल की रात 8 बजे किसी काम से अंबिकापुर आया था और देर रात वापस घर लौट रहा था। पिता के अनुसार युवक अकेले था और स्वयं ही कार चला रहा था। संभावना जताई जा रही है कि शंकरघाट के समीप पुलिया पर युवक की कार अनियंत्रित होकर टकरा गई। टक्कर में युवक की कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बड़ी बात यह है कि घटना के बाद युवा व्यवसायी पूरी रात दुर्घटनाग्रस्त कार में ही फंसा रहा। आज सुबह जब लोगों की नजर कार पर पड़ी तो उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में बड़ा सवाल यह है कि युवा व्यवसायी स्वयं कार चला रहा था लेकिन उसकी बॉडी ड्राइवर की बगल वाली सीट पर मिली है। ऐसे में फिलहाल घटना को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।



दुर्घटनाग्रस्त कार, इनसेट में मृतक।

---

### क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल की प्रेसवार्ता

## भाजपा के संकल्प पत्र में सबका साथ-सबका विकास का मूलमंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा द्वारा जारी लोकसभा चुनाव के संकल्प पत्र को लेकर क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल ने भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी में भाजपा ने गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति पर फोकस किया है। भाजपा की थीम है 'बीजेपी का संकल्प' मोदी की गारंटी जिसमें देश के सभी वर्गों के विकास की बातें समाहित है। प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों का अधिक लक्ष्य रखा गया है। भाजपा सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं। अब 3 करोड़ अन्य गरीब परिवारों को पीएम आवास दिया जाएगा साथ ही 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी की योजना का लाभ दिया जाएगा। संकल्प पत्र में विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ – युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान को सशक्त करने का लक्ष्य हैं। पिछले 10 वर्ष नारी को समर्पित रहे हैं। आगामी 5 वर्ष नारीशक्ति की भागीदारी के होंगे। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में 5 साल मुफ्त राशन देने मोदी की गारंटी है। मोदी सरकार ने अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए 10 सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है जो एतिहासिक बदलाव है। 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा तथा उन्हें 5 लाख रूपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी। मुद्रा लोन की राशि अब 10 लाख से 20 लाख रूपए कर दिया गया है। इसके अलावा निवेश को बढ़ावा और उद्योगों के जरिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। गांवों में अधोसंरचना विकास के लिए 60 हजार नए गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ा गया है। रक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य संचार, विरासत को सहेजने के लिए योजनाएं लागू की जाएंगी जिससे देश में रोजगार के साथ विकास दर में तेजी आएगी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ललनप्रताप सिंह, लोकसभा चुनाव संयोजक कमलभान सिंह, सह संयोजक अखिलेश सोनी, पूर्व विधायक विजयनाथ सिंह, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अम्बिकेश केशरी, मुरारीलाल बंसल, संतोष दास, रूपेश दुबे आदि उपस्थित थे।





प्रेस वर्ता में संकल्प पत्र को दिखाते भाजपा पदाधिकारी।

## उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद चैत्र छठ का समापन

**अंबिकापुर।** सूर्योपासना का पर्व चैत्र छठ जिले में भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस दौरान शहर के शंकरघाट स्थित बांक नदी व घुनघुट्टा नदी किनारे भक्तों ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही हवन पूजन के साथ व्रत का समापन किया। चैत्र नवरात्र के मौके पर सरगुजा जिले में चैत्र छठ भी धूमधाम से मनाया गया है। गर्मी के मौसम में होने वाले इस कठिन छठ पर्व को करने वालों की संख्या में इस बार वृद्धि हुई है। इस बार हजारों की संख्या में व्रतियों ने छठ का कठिन व्रत रखा था। छठ पर्व के मौके पर रविवार को हजारों की संख्या में व्रतियों व श्रद्धालुओं ने शहर के शंकरघाट स्थित छठ घाट, घुनघुट्टा स्थित खर्रा नदी के तट पर व अन्य तालाबों में विधि विधान से पूजा अर्चना करने के साथ ही अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया था। कल पूजा अर्चना करने के बाद व्रती वापस अपने घर लौट आए थे जबकि आज सुबह पुनः बड़ी संख्या में व्रती के श्रद्धालु छठ घाटों पर पहुंचे थे। आज उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही अपने व परिवार के सुख समृद्धि व मंगल की कामना की। इसके साथ ही विधि विधान से हवन पूजन के बाद छठ व्रत का समापन किया। इस दौरान छठ पर्व का प्रसाद लेने के लिए भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे।





# रजनीकांत के साथ काम करेंगे रणवीर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह, दक्षिण भारतीय सिनेमा के महानायक रजनीकांत के साथ काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि रजनीकांत ,लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनने वाली फिल्म थलाइवी 171 में काम करेंगे। इस फिल्म में रजनीकांत सोने की तस्करी करने वाले गैंगस्टर की भूमिका में होंगे। चर्चा है कि रणवीर सिंह भी इस फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। इस फिल्म के लिये रणवीर सिंह से संपर्क किया गया है। यदि सब कुछ सही रहा तो रणवीर सिंह पहली बार रजनीकांत के साथ काम करेंगे।

## लाइफ Style

# जाह्नवी कपूर

## 'उलझ' से दर्शकों को बनाएंगी मुरीद



जाह्नवी कपूर आने वाले दिनों में कई फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी। अब जाह्नवी की फिल्म 'उलझ' की रिलीज तारीख से भी पर्दा हट चुका है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

रिपोर्ट के मुताबिक, इस थ्रिलर फिल्म की शूटिंग बीते साल सितंबर में पूरी हुई थी और निर्माताओं ने इसकी रिलीज तारीख 5 जुलाई तय की है। फिल्म में जाह्नवी को गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू का साथ मिला है। चर्चा है कि यह देशभक्ति पर आधारित होगी, वहीं जाह्नवी इसमें जान्हवी एक भारतीय विदेश सेवा अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग लंदन में हुई है।

कुछ समय पहले फिल्म से जान्हवी की पहली झलक सामने आई थी, जिसमें वह साड़ी में काफी शानदार लग रही थीं। इसकी कहानी एक ऐसे देशभक्त परिवार की है, जो खतरनाक साजिश में उलझ जाता है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधांशु सरिया के निर्देशन में बन रही 'उलझ' को लेकर खुद जाह्नवी भी बेहद उत्साहित हैं। जाह्नवी कहती हैं, मैंने इस अनुभव के जरिए बहुत कुछ सीखा है। फिल्म में शामिल हर व्यक्ति ने इस पर अपनी जी-जान लगा दी, जिन्हें देख मुझे बड़ी प्रेरणा मिलती है। यह देखना आश्चर्यजनक था कि हर कोई कितना भावुक था और कितना ऊर्जावान था। सब कुछ बड़ा मजेदार था।

## हॉलीवुड मसाला



# कोरियाई गायक पार्क बो-रैम का निधन

लॉस एंजिलस। कोरियन सिनेमा की पॉप गायिका पार्क बो-रैम का निधन हो गया है। उन्होंने महज 30 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब पार्क का निधन हुआ, उस वक्त वह अपनी एक दोस्त के घर पार्टी कर रही थी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वह पार्टी के बीच में बाथरूम गईं, लेकिन बहुत देर तक वापस नहीं लौटीं। एक दोस्त ने जाकर देखा तो वह बेहोश मिलीं, जिसके बाद उन्हें तुरंत हन्यांग यूनिवर्सिटी गुरी अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।




# इजराइली अभिनेता ने गाया 'तुझे देखा तो ये जाना सनम' गाना

**लॉस एंजिलस।** इजराइली अभिनेता त्साही हलेवी का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में त्याही को शाहरुख खान और काजोल की फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का सुपरहिट गाना 'तुझे देखा तो ये जाना सनम' गाते हुए देखा जा सकता है। इस वीडियो पर प्रशंसक खूब प्यार लुटा रहे हैं। त्साही को 2013 में आई फिल्म 'बेतलेहेम' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। वह अब तक 'डोमिनोज स्ट्रीट', 'माई नेम इज क्लेयर', 'मोसाद' और 'द एंजल' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। उन्होंने नुसरत भरूचा की फिल्म 'अकेली' के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा था। ये फिल्म बीते साल 2023 में 25 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों की खूब सराहना मिली थी। त्साही ने फिल्म में बेहद अहम किरदार निभाया था। त्साही ने इस गाने को गाकर लोगों का दिल छू लिया है।



# पायल कपाड़िया की 'ऑल वी... लाइट' का चयन

**मुंबई।** पायल कपाड़िया की 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' को 2024 के कान्स फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है। गत दिवस इस फेस्टिवल को आयोजकों ने घोषणा की गई। कान्स फिल्म फेस्टिवल के सर्वोच्च सम्मान 'पाल्मे डी'ओर' की रेस में आखिरी भारतीय फिल्म 1983 में आई मृणाल सेन की 'खारिज' थी। बता दें कि 30 साल बाद इस फेस्टिवल के लिए किसी भारतीय फिल्म को चुना गया है। कान्स फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 14 से 25 मई तक होगा। नर्स के जीवन पर आधारित है कहानी 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' की कहानी एक नर्स की कहानी है, जिसका नाम प्रभा है। उसे लंबे समय से अलग रह रहे अपने पति से एक चौंका देने वाला उपहार मिलता है, जिससे उनका जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है।



# विधु विनोद चोपड़ा ने किया नई फिल्म का ऐलान

**मुंबई।** विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म '12वीं फेल' 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। आईपीएस अधिकारी मनोज शर्मा की जिंदगी पर बनी इस फिल्म में विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में नजर आए। अब विनोद ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'जीरो से रीस्टार्ट' का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म का कलेन्शन फिल्म '12वीं फेल' से होगा। चर्चा है कि 'जीरो से रीस्टार्ट' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। बता दें, 'जीरो से रीस्टार्ट' को रिलीज हुए 25 सप्ताह बीत चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, विनोद अपनी आगामी फिल्म 'जीरो से रीस्टार्ट' में '12वीं फेल' बनने के पीछे की कहानी से दर्शकों को रूबरू करवाएंगे।

## टीवी मसाला



# अरे ये क्या हो रहा है! रावण के महल में मुकुट पहने सीता

**मुंबई।** साल 1987 में आई रामानंद सागर की 'रामायण' को लोगों का जितना प्यार मिला अब शायद ही किसी और शो को मिल सकेगा। इस शो में अरुण गोविल भगवान राम और दीपिका चिखलिया माता सीता के रोल में नजर आई थीं। इस शो के बाद दोनों की पॉपुलैरिटी इस कदर बढ़ी की लोग इन्हें असल भगवान समझने लगे थे। इस शो में वाल्मीकि रामायण, तुलसीदास की रामचरितमानस और कंब रामयण से अंश लिए गए थे। शो में कुछ भी मिर्च मसाला लगाकर नहीं दिखाया गया था। यही वजह रही कि लोग इससे इस कदर जुड़ सके। अब हाल में ही टीवी पर 'श्रीमद रामायण' नाम का शो शुरू हुआ है। इस शो को शुरुआत में तो लोगों ने पसंद किया, लेकिन अब ट्रोल किया जा रहा है।

### क्या है रीसेंट ट्रैक

'रामायण' की तर्ज पर 'श्रीमद रामायण' को साल 2024 की शुरुआत के साथ ही शुरू किया गया। इस शो का खूब प्रमोशन किया गया, जिसके चलते शुरू से ही शो को अच्छा रिस्पॉन्स मिलने लगा। लोगों ने शो के लिए की गई कास्टिंग को भी काफी पसंद किया। लंबे समय तक शो में सब कुछ ठीक चला, लेकिन फिर एक ऐसा मोड़ आया जिसके बाद फैंस को धक्का लगा और शो को ट्रोल करना शुरू कर दिया गया।

### सीताहरण के बाद भड़का आक्रोश

'रामायण' की तर्ज पर 'श्रीमद रामायण' में भी सीताहरण का दृश्य दिखाया गया है लेकिन इस दृश्य को जिस तरह से पेश किया गया है उससे लोगों की भावनाएं आहत हो गईं हैं। ये मोड़ सीता हरण के सीन के बाद आया है, जिसे देख दर्शकों को लगा कि मेकर्स रास्ता भटक गए हैं। हालिया ट्रैक के अनुसार रावण सीता को लंका में ले आया है। वहीं राम और लक्ष्मण उनकी खोज में लगे दिखाए जा रहे हैं।

### गलत दिखाया जा रहा सीन

सीता हरण के बाद मेकर्स ने कई फैक्ट्स के साथ छेड़छाड़ कर दी है, जिसकी वजह से दर्शकों का सिर घूम रहा है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार सीता कभी रावण के महल के अंदर नहीं गईं, वो हमेशा अशोक वाटिका में ही रहीं और रावण ने उन्हें कभी बुरी नजर से नहीं देखा, लेकिन शो के हालिया एपिसोड में माता सीता का किरदार रावण के महल में दिखाया गया, जो वो रावण से जिरह करता दिखा। इस दौरान सीता के सिर पर मुकुट भी नजर आ रहा है। एक ओर वो भगवा वस्त्र में हैं, वहीं दूसरी ओर उनके माथे पर छोटा मुकुट भी है। अब यही देख फैंस बड़क गए हैं।

# 'सिंघम अगेन' और 'पुष्पा 2' का नहीं होगा आमना-सामना

**मुंबई।** अल्लू अर्जुन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पुष्पाः द रूल' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म सामना रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'सिंघम अगेन' से होने वाला है, लेकिन अब ऐसा लगा रहा है कि दर्शकों को 'सिंघम अगेन' के लिए लंबा इंतजार करना होगा। नई खबर के मुताबिक, 'सिंघम अगेन' और 'पुष्पा 2' के बीच कोई टकराव नहीं होगा।



### फिल्म दिवाली में होगी रिलीज

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'सिंघम अगेन' की रिलीज तारीख को टाल दिया गया है। रोहित इस फिल्म को दिवाली, 2024 पर रिलीज करने का विचार कर रहे हैं। अब 'सिंघम अगेन' का 'पुष्पा 2' से टकराव नहीं होगा। फिलहाल फिल्म अपने आखिरी चरण में है। निर्माता कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहते।


### बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है 'सिंघम अगेन'

'सिंघम अगेन' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। रणवीर सिंह से लेकर अजय देवगन, अर्जुन कपूर, दीपिका पादुकोण और करीना कपूर तक की झलक फिल्म से सामने आ चुकी थी। रोहित के कॉप यूनिवर्स की शुरुआत अजय के साथ 2011 में आई फिल्म 'सिंघम' से हुई थी। इसके बाद 2014 में अजय की 'सिंघम रिटर्न्स', 2018 में रणवीर की 'सिम्बा' और 2020 में अक्षय कुमार की 'सूर्यवंशी' के साथ यूनिवर्स बड़ा होता चला गया।



# अल्लू अर्जुन ने जथारा अवतार में साड़ी पहनकर मचाया धमाल

**मुंबई।** 'पुष्पा द राइज' से धमाल मचाने के बाद दर्शकों को इसके दूसरे पार्ट 'पुष्पा 2 द रूल' का बेसब्री से इंतजार है। सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने अपने बर्थडे के मौके पर फैंस को बड़ा तोहफा दे दिया है और 'पुष्पा 2' की झलक रिलीज हो चुकी है। फिल्म का टीजर सामने आ चुका है जिसने आते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फिल्म का टीजर 1 मिनट 8 सेकंड का है, जिसमें विजुअल, कलर्स और बैकग्राउंड कमाल का है। बता दें कि यह हिंदू आदिवासी देवियों के सम्मान में मनाया जाने वाला एक त्यौहार है। इसे तेलंगाना राज्य में मनाया जाता है।



### पैरों में घुंघरू, कान में झुमके, हाथ में त्रिशूल

टीजर वीडियो में अल्लू अर्जुन का अवतार बहुत ही शानदार दिखाई दे रहा है। उन्होंने अपने पैरों में घुंघरू, कान में झुमके आंखों में काजल लगाया हुआ है। साड़ी पहने हुए वह हाथों में त्रिशूल लेकर दुश्मनों से लड़ाई कर रहे हैं। हमेशा की तरह इस बार भी वह अकेले ही सब पर भारी पड़ रहे हैं। उनके दमदार एक्शन को देखकर फैंस हैरान हो गए हैं।

### कहानी में आएगा बदलाव

*फिल्म 'पुष्पा' में लाल चंदन की तस्करी की कहानी दिखाई गई थी। इसके साथ पुष्पा और श्रीवल्ली की लव स्टोरी को भी ऐड किया गया था। फिल्म में फैमिली ड्रामा भी भरपूर दिया गया था। जब पुष्पा, श्रीवल्ली से शादी करने जाता है। इसके पहले उसकी शेखावत यानी कि फहाद फाजिल के साथ जुबानी जंग होती है। यह जुबानी जंग अब फिल्म के दूसरे हिस्से में असली जंग में बदलती हुई दिखाई देगी।*

# एक ही नाम से बनीं ये फिल्में, कोई हिट हुई तो कोई फ्लॉप

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड में हर साल तमाम फिल्में बनती हैं। कुछ के नाम बड़े दिलचस्प होते हैं तो कुछ ऐसी होती हैं, जिनके नाम पुरानी फिल्मों से मेल खाते हैं। दरअसल, इन दिनों अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' बड़ी चर्चा में है। इसी नाम की एक फिल्म 1998 में रिलीज हुई थी, जिसमें अमिताभ बच्चन और गोविंदा मुख्य भूमिका में थे। आज हम जानेंगे उन फिल्मों के बारे में, जिनके नाम एक जैसे हैं।



### 'कुली नंबर 1'


सबसे पहले बात करते हैं फिल्म 'कुली नंबर वन' की। 1995 में आई गोविंदा और करिश्मा कपूर की फिल्म 'कुली नंबर 1' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। उधर 2020 में आई वरुण धवन और सारा अली खान की फिल्म 'कुली नंबर 1', लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर फेल हो गई। यह फिल्म डिज्नी+ हॉटस्टार और अमेजन प्राइम वीडियो पर देखी जा सकती है।

### 'जंजीर'

सन् 1973 में रिलीज हुई महानायक अमिताभ बच्चन की फिल्म 'जंजीर' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। इस फिल्म के जरिए बिग बी इंडस्ट्री में सुपरस्टार के रूप में उभरे थे। दूसरी ओर साल 2013 में इस फिल्म का रीमेक बना, जिसमें मुख्य किरदार साउथ सुपरस्टार राम चरण ने निभाया था और फिल्म की हीरोइन प्रियंका चोपड़ा थीं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ढेर हो गई थी। इसे अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।



### 'बागी'



टाइगर श्रॉफ और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'बागी' का नाम तो आपने सुना ही होगा। यह फिल्म 2016 में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स, जी5 और अमेजन प्राइम वीडियो पर है। 1990 में भी इसी नाम पर एक फिल्म बन चुकी है। उस फिल्म में सलमान खान और नगमा ने मुख्य भूमिका अदा की थी। फिल्म का निर्देशन दीपक शिवदसानी ने किया था। यह एक रोमांटिक फिल्म थी।

### 'एजेंट विनोद' और 'दिलवाले'



'एजेंट विनोद' नाम से पहली बार फिल्म साल 2012 में रिलीज हुई थी। इसमें सैफ अली खान और करीना कपूर ने मुख्य किरदार निभाया था। यूट्यूब पर यह फिल्म मौजूद है। उधर इसी नाम से एक जासूसी फिल्म 1977 में बनी थी। दूसरी तरफ नेटफ्लिक्स और यूट्यूब पर मौजूद फिल्म दिलवाले पहली बार 1994 में बनी थी, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में थे। इसके बाद 2015 में इसी नाम से बनी फिल्म के हीरो शाहरुख खान थे।

## खबर संक्षेप



### सर्व यादव समाज ने किया मां कुदरगड़ी का सामूहिक दर्शन

**डांड़गांव।** सर्व यादव समाज द्वारा 13 अप्रैल को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सामाजिक बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि माँ कुदरगड़ी धाम में समाज द्वारा बाजे गाजे के साथ महिला ,पुरूष, युवाओं के टोली के साथ देवी दर्शन किया जाएगा। इसी कड़ी में संभागीय अध्यक्ष देवनारायण यादव, रामशंकर यादव जिला अध्यक्ष सुरजपुर, संजय यादव कार्यकारी अध्यक्ष सुरजपुर, कुंज यादव के नेतृत्व में पंचमी के दिन समाज के लोगों ने माँ कुदरगड़ी का दर्शन कर पूजा अर्चना किया। संभागीय अध्यक्ष देवनारायण यादव ने कहा कि यह दर्शन समाज, प्रदेश एवं देश के लोगों के लिए माँ कुदरगड़ी का दर्शन कर खुशहाली की कामना की गई है।समाज द्वारा लगातार धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है उसी कड़ी में यह दर्शन यात्रा रखा गया था। इस दौरान अटल बिहारी यादव, रामशंकर यादव, संजय यादव, कुंज लाल यादव, संतोष यादव, सुरज यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारि एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाई गई आम्बेडकर की जयंती



**लखनपुर।** नगर के साक्षरता स्टेडियम में क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष दिनेश साहू एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल के आतिथ्य में भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती रविवार को विश्व ज्ञान दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि डॉ.अम्बेडकर की जयंती पर हम संकल्प लेते हैं कि आने वाले समय में अपनी पीढ़ी को शिक्षित करेंगे एवं भारतीय संविधान के महत्व को समझने का अवसर देंगे। आप सभी अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में ध्यान दें। इसके लिए हर संभव योगदान किया जाएगा। उन्होंने नगर की सीमा पर चन्दनई नदी के पास अम्बेडकर चौक बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम में ग्राम जमदरा, कुन्नी, तुरना, बेलखरिखा के बच्चों ने खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत किया। विधायक ने बच्चों को नगद पुरस्कार व कॉपी पेन देकर सम्मानित किया। इस दौरान नपं उपाध्यक्ष रामनारायण दुबे, रघुवीर सूर्यवंशी, राजेश राजन, पीताम्बर यूईके, धर्मेंद्र झरिया, नवलसाय, मदन राजवाड़े के कौशिक सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

### जयनगर में स्कूली बच्चों को सिखाई जा रही चित्रकारी



**बिश्रामपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जयनगर में बच्चों के परीक्षा उपरांत उनके खाली समय में रचनात्मक प्रवृत्ति को बढ़ावा देते हुए बच्चों को चित्रकारी की कला एवं सिलाई जैसे स्किल डेवलपमेंट हेतु प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए विद्यालय की पूर्व होनहार छात्रा खुशबू शर्मा को प्रशिक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया है। खुशबू शर्मा एक सामान्य मध्यम वर्गीय परिवार से हैं। विद्यालय में बच्चों को अपने गुण को सिखाने हेतु आमंत्रित किया है। 15 दिवस तक छात्रों को सिलाई कढ़ाई और विशेष रुचि रखने वाले बच्चे जिन्हें आगे की पढ़ाई हेतु मार्गदर्शन की जरूरत है, ऐसे छात्रों को गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय हेतु 1 घंटे की कक्षा चलाकर उनका उत्साहवर्धन किया जा रहा है। इसमें विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं प्रधान पाठक प्रयासरत हैं, ताकि बच्चों को बेहतर भविष्य प्रदान किया जा सके।

### साईं बाबा डे-बोर्डिंग स्कूल में हुई पजामा पार्टी



**अम्बिकापुर।** शनिवार को श्री साईं बाबा डे-बोर्डिंग स्कूल में पजामा पार्टी का आयोजन किया गया। बच्चों के स्कूल पहुचंने उनका रजिस्ट्रेशन किया गया तथा पार्टी में भागीदारी के लिए समर से संबंधित प्रश्न पूछकर पार्टी में आने की इजाजत दी गई। सेल्फी पॉइंट पर अपने माता-पिता के साथ फोटो खिंचवाया तथा परिधान बदलकर पार्टी में शामिल हुए। पार्टी में बच्चों का स्वागत तरबूज के शरबत से किया गया। स्वागत उपरांत बच्चों ने टेंट हाउस में विभिन्न गतिविधियों सहित अलग-अलग खेलों का आनंद उठाया। चार भागों मे विभक्त खेलों का संचालन विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती दीप्ति सिन्हा और निहारिका ने किया। भोजन उपरांत बच्चों ने स्टार गेजिंग किया और अपने-अपने कमरों में सोने चले गए। बच्चों के सुबह 5 बजे उठकर तैयार होने पर उन्हें 6:30 बजे स्विमिंग के लिए कमोदा रिजोर्ट ले जाया गया जहां बच्चों ने खूब मस्ती की। ब्रेकफास्ट के बाद बच्चे झूला झूले तथा बस से वापस स्कूल पहुंचकर अपने अनुभव बांटे तथा लिखकर प्रस्तुत किया। सुबह के नाश्ते के बाद बच्चे बस से वापस अपने घर लौटे। इस दौरान स्कूल के अध्यक्ष विजय कुमार इंगोले, अजय कुमार इंगोले, श्रीमती अलका इंगोले, प्राचार्य श्रीमती प्राची गोयल एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## रुपए निकालने बैंकों में हर रोज उमड़ रही भीड़

# बैंकों से पैसा नहीं मिलने से बढ़ी खाताधारकों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

शादी विवाह के इस सीजन में जहां लोगों को पैसा की आवश्यकता अधिक होती है। ऐसे में बैंकों में जमा राशि के नहीं मिलने पर खाताधारकों को किस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है यह आसानी से समझा जा सकता है। कुछ इस तरह की स्थिति प्रतापपुर क्षेत्र बैंकों की है जहां हर रोज बड़ी संख्या में खाता धारक रुपए निकालने बैंक आते है परंतु बैंक रुपए नहीं मिलने से लोग परेशान है।

**खास बात**

- खुद का पैसा नहीं मिलने पर ग्रामीणों में आक्रोश

विकासखंड प्रतापपुर क्षेत्र के छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक भैसामुंडा, प्रतापपुर ग्रामीण बैंक, स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक, एचडीएफसी बैंक सहित अन्य बैंकों में लोगों को पैसा पैसा नहीं मिलने से उन्हें काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आलम यह है कि बैंक में जिस तरह से लोगों की भीड़ उमड़ रही है और पैसा नहीं मिलने पर नोटबंदी जैसा हाल निर्मित हो गया है। शादी विवाह का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में लोग बैंक जमा किए राशि को निकालने के लिए सुबह से ही बैंक पहुंच जाते है। लोग बैंक राशि जमा करने के बावजूद दस-दस रुपये के लिए मोहताज हो रहे है। जिस तरह की स्थिति इन दिनों क्षेत्र के बैंकों की है उससे अब लोगों को संदेह हो रहा है कि उनका पैसा मिलेगा कि नहीं। लोगों का कहना है की हम गरीबों का क्या गलती है, हम लोगों ने पैसा बैंक में इसलिए रखे थे की हमारी परेशानियों के वक्त जमा पूंजी का आ सके और पैसा कभी भी निकाल कर अपना काम चला सकते है। लेकिन अब हमारी ही पैसा नहीं मिल पा रहा। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महतारी योजना के तहत महिलाओं को मिलने वाली राशि 1000 जो महिलाओं के खाते में अंतरित हुआ है उसको भी निकलने में महिलाओं को काफी में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैंक से पैसा नहीं मिलने से महिलाएं काफी दुखी हैं और दूर-दूर से आने वाले छोटे किसानों व व्यापारियों को पैसा न मिलने से काफी परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है जिसे लेकर लोग काफी आक्रोश है।



बैंक के बाहर ग्राहकों की भीड़।

**बैंक में नहीं है आ रहे रुपए**

पैसों के लिए लोगों को वास्तव में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऊपर से पैसा नहीं आ रहा है तो हम क्या कर सकते है। इस संबंध में उच्चाधिकारियों से चर्चा की जाएगी।

**-गणेश दत्त,** शाखा प्रबंधक छग राज्य ग्रामीण बैंक

**मौके का उठा रहे फायदा**

सीएससी बैंकिंग चलाने वाले भी मौके का खूब फायदा उठाकर ग्राहकों से मनमाना वसूली कर रहे हैं। ऐसे में ग्राहकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बैंक से पैसा नहीं मिलने पर लोग मजबूर होकर सीएससी बैंकिंग चलाने वाले के पास जाकर पैसा निकालने को मजबूर है।

**उधार लेकर चला रहे काम**

बैंक पहुंचे ग्रामीण व किसान ने बताया कि हम लोगों द्वारा पाई पाई कर बैंक में पैसा रखा गया है। शादी विवाह जैसे मुख्य अवसर पर कई तरह के उधार पटाने भी होते हैं। बीमारी के समय में दवा व इलाज करने के लिए भी अपने पैसे के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। बैंक से रुपए नहीं मिलने पर अब लोगों से उधार लेकर काम चलाना पड़ रहा है। अपना पैसा होने के बावजूद भी बैंक में इस तरह का परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैंक की व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है नहीं तो कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर सड़क पर उतर सकते हैं।

## कोयलांचल में चैती छठ पर उदयीमान सूर्य को दिया गया अर्घ्य



**बिश्रामपुर।** लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत मंगलवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर पूर्ण कर लिया गया। वर्ष में दो बार कार्तिक मास व चैत्र नवरात्रि में छठ पर्व मनाया जाता है। 12 अप्रैल से चैती छठ महापर्व का आगाज हो गया था। कोयलांचल के गायत्री मंदिर स्थित छठ घाट, कुमदा तुर्रा नाला स्थित छठ घाट, हर्राटिकरा घुनघुट्टा नदी व आसपास के क्षेत्र में चार दिवसीय चैती छठ पूजा को लेकर छठव्रती विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करते हुए 15 अप्रैल को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रतियों द्वारा पारण कर उपवास को समाप्त किया गया। सोमवार को भोर में ही विभिन्न छठ घाटों में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना करके 36 घंटे के निर्जला उपवास का समापन किया। चैती छठ पूजा को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा।

**न्यायालय जिला न्यायाधीश महोदय, बलरामपुर, स्थान-रामानुजगंज, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी-अशोक कुमार साहू)**
**समंस**
(आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 24 सिविल प्रक्रिया संहिता)

प्रो. दिनांक-10/04/24
वि.व्य.वा.क्र.-06/2023
प्रोसेस क्रमांक- 393/24
पेशी दिनांक- 25/04/24

पक्षकार :- महेश्वर सिंह वगैरह
-------आवेदकगण
-:: विरूद्ध::-
जयप्रताप सिंह वगैरह
-------
अनावेदकगण

प्रति,

आवेदकगण महेश्वर सिंह आ. स्व. रामबिलास सिंह वगैरह आयु लगभग 53 वर्ष, जाति-मार, निवासी ग्राम-भनौरा, थाना व तहसील-बलरामपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 24 सिविल प्रक्रिया संहिता के तहत आवेदन पत्र पेश किया है। उसके पक्ष समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत की गयी है।

अतः अनावेदक क्रमांक-01 जयप्रताप सिंह आ. स्व. रामबिलास आयु लगभग 51 वर्ष, जाति-मार, निवासी ग्राम-भनौरा, थाना व तहसील-बलरामपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) अनावेदक क्रमांक-02 युवराज कुर्रे तत्कालीन उप पंजीयक एवं पदेन तहसीलदार बलरामपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) एवं अनावेदिका क्रमांक-03 श्रीमती मालती पुत्री स्व. रामबिलास पत्नी श्री रामदास आयु लगभग 56 वर्ष, जाति-मार, निवासी ग्राम-जतरो, पोस्ट, थाना व तहसील-बलरामपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) को इस समंस के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत इस आवेदन के संबंध में आपको अपना पक्ष रखने हेतु इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक-25/04/24 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना है। उपरोक्त नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण की सुनवाई की जा सकेगी।

यदि उक्त नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या मैं अवकाश पर जाता हूं, तो इस प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जायेगी।

इस न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक 10/04/2024 को जारी।

(अशोक कुमार साहू)
जिला न्यायाधीश
बलरामपुर, स्थान-रामानुजगंज
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

**न्यायालय जिला न्यायाधीश महोदय, बलरामपुर, स्थान-रामानुजगंज, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी-अशोक कुमार साहू)**
**समंस**
(आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 24 सिविल प्रक्रिया संहिता)

प्रो. दिनांक-10/04/24
वि.व्य.वा.क्र.-07/2023
प्रोसेस क्रमांक- 394/24
पेशी दिनांक- 25/04/24

पक्षकार :- महेश्वर सिंह वगैरह
-------आवेदकगण
-:: विरूद्ध::-
जयप्रताप सिंह वगैरह
-------
अनावेदकगण

प्रति,

आवेदकगण महेश्वर सिंह आ. स्व. रामबिलास सिंह वगैरह आयु लगभग 53 वर्ष, जाति-मार, निवासी ग्राम-भनौरा, थाना व तहसील-बलरामपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 24 सिविल प्रक्रिया संहिता के तहत आवेदन पत्र पेश किया है। उसके पक्ष समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत की गयी है।

अतः अनावेदक क्रमांक-01 जयप्रताप सिंह आ. स्व. रामबिलास आयु लगभग 51 वर्ष, जाति-मार, निवासी ग्राम-भनौरा, थाना व तहसील-बलरामपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) अनावेदक क्रमांक-02 युवराज कुर्रे तत्कालीन उप पंजीयक एवं पदेन तहसीलदार बलरामपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) एवं अनावेदिका क्रमांक-03 श्रीमती मालती पुत्री स्व. रामबिलास पत्नी श्री रामदास आयु लगभग 56 वर्ष, जाति-मार, निवासी ग्राम-जतरो, पोस्ट, थाना व तहसील-बलरामपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) को इस समंस के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत इस आवेदन के संबंध में आपको अपना पक्ष रखने हेतु इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक-25/04/24 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना है। उपरोक्त नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण की सुनवाई की जा सकेगी।

यदि उक्त नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या मैं अवकाश पर जाता हूं, तो इस प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जायेगी।

इस न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक 10/04/2024 को जारी।

(अशोक कुमार साहू)
जिला न्यायाधीश
बलरामपुर, स्थान-रामानुजगंज
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

## गीता के पाठ से अवगुणों से मिलती है मुक्ति : ब्रह्माशंकर



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महामना मालवीय मिशन के तत्वाधान में डॉ अनिल सिन्हा के निवास पर आध्यात्मिक संवाद एवं गीता पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गीता के अध्याय 15 का सस्वर पाठ उपरांत विद्वानजनों ने व्याख्यान दिया। डॉ अजय तिवारी ने कहा कि आध्यात्मिक संवाद में सहभागी होने से व्यक्ति का अन्तर्मन निर्मल होता है। व्यक्ति सद्क्रम की ओर प्रेरित होकर सकारात्मक कार्य करता है जिससे व्यक्ति और समाज दोनों को लाभ मिलता है। अवकाश प्राप्त पुलिस अधीक्षक पं.ललित मोहन तिवारी ने कहा कि गीता का उपदेश भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को माध्यम बनाकर सम्पूर्ण मानव जाति के कल्याण हेतु बताई है। जहां गीता का पाठ होता है वह स्थान सकारात्मक ऊर्जा का केन्द्र बनने लगता है। अपने निवास में गीता पाठ का आयोजन करवाना चाहिए। शिक्षाविद् ब्रह्मशंकर सिंह ने कहा कि गीता अध्ययन के लिए व्यक्ति को अपने चौथेपन का इंतजार नहीं करना चाहिए। गीता ज्ञान सिर्फ मोक्ष प्राप्त करने का साधन नहीं है। युवा अवस्था में व्यक्ति ज्यादा सक्रिय होकर कार्य करता है इसलिए इस अवस्था में गीता के प्रति उसका जितना आकर्षण होगा उतना ही सही कार्य करेंगे। यहां तक कि व्यक्ति व्यभिचार और भ्रष्टाचार जैसे अवगुणों से दूर रहेगा। रामजतन सिन्हा ने भजन के माध्यम से गीता ज्ञान पर प्रकाश डाला तथा कहा कि व्यक्ति में सात्विक प्रवृत्ति की अवधारणा सत्संग से बनती है। सत्संग में जाना और वहां बैठने मात्र से व्यक्ति का विचार बदलने लगता है तथा उसकी अन्तर्मन की शुद्धता बढ़ने लगती है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राज नारायण द्विवेदी ने कहा कि मिशन का यह अनुष्ठान विगत 12 वर्षों से चल रहा है। यह कुटुम्ब प्रबोधन का बहुत अच्छा और सशक्त माध्यम है। परिवार से समाज और समाज से राष्ट्र निर्माण होता है। पारिवारिक वातावरण जब अच्छा होगा तो समाज और राष्ट्र दोनों को लाभ मिलेगा। पं.दुर्गा प्रसाद तिवारी, राजकुमार गुप्ता, पं.रामनारायण शर्मा, आरएन अवस्थी और डॉ.अनिल सिन्हा ने भी अपना विचार व्यक्ति किया। आभार प्रदर्शन संस्था के महासचिव सुरेन्द्र गुप्ता ने किया। इस दौरान प्रकाश कश्यप व मुकुन्दलाल साहू ने कविता के माध्यम से गीता का संदेश दिया। कार्यक्रम में मदन मोहन मेहता, डॉ.उमा सिन्हा, अशोक सोनकर सचिदानंद पाण्डेय, जयप्रकाश चौबे, बीएल गुप्ता आदि उपस्थित थे।

- महामना मालवीय मिशन ने गीता पाठकर किया आध्यात्मिक संवाद

### मतदान कराने दिलाई गई शपथ

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट एवं पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने लोकसभा निर्वाचन को संपन्न कराने के लिए जनपद पंचायत भरतपुर के सभाकक्ष में दूरस्थ क्षेत्रों के सेक्टर अधिकारी, सचिव, बीएलओ एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों सहित निर्वाचन कार्य में सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षा कर्मी तथा कोटवार की बैठक लेकर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### नवरात्रि पर तुलसी साहित्य ने की काव्यगोष्ठी



नवरात्रि व मतदाता जागरूकता अभियान के तहत तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रह्माशंकर सिंह की अध्यक्षता एवं पं.रामनारायण शर्मा, श्यामबिहारी पाण्डेय, पूनम दुबे, उमाकांत पाण्डेय व सच्चिदानंद पाण्डेय के आतिथ्य में काव्यगोष्ठी की। गोष्ठी अर्चना पाठक की सरस्वती वंदना से प्रारम्भ हुई। गोष्ठी में ब्रह्माशंकर सिंह, पं.रामनारायण शर्मा, सच्चिदानंद पाण्डेय ने नवरात्र में नवदुर्गा एवं हिन्दु नववर्ष का महत्व विस्तार से बताया। कवयित्री माधुरी जायसवाल, अर्चना पाठक, पूनम दुबे "वीणा", मंशा शुक्ला, पूर्णिमा पटेल, सीमा तिवारी, श्यामबिहारी पाण्डेय, अम्बरीश कश्यप, रामलाल विश्वकर्मा, उमाकांत पाण्डेय, चंद्रभूषण मिश्र मृगांक, अजय श्रीवास्तव, मुकुन्दलाल साहू ने अपनी उत्कृष्ठ रचनाएं सुनाई। काव्यगोष्ठी का संचालन अर्चना पाठक, उमाकांत पाठक एवं आभार प्रदर्शन माधुरी जायसवाल ने किया। इस दौरान मनीलाल गुप्ता, केके त्रिपाठी, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, प्रमोद मदालसा, यशराज गुप्ता उपस्थित थे।

### गर्मी की छुट्टियों में कस्तूरबा की छात्राएं निखार रही अपना कौशल

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक विलास भारस्कर संदीपान के निर्देशन में जिले के सभी 7 कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय की कक्षा 6वीं से लेकर कक्षा 12वीं तक की कुल 1400 छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा जीवनोपयोगी व्यवसायिक, सांस्कृतिक एवं एकेडमिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहुंचविहीन क्षेत्र की निर्धन छात्राओं का कौशल निखारने परीक्षा उपरांत उन्हें विभिन्न विषयों का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। व्यवसायिक शिक्षा के तहत छात्राओं को ब्यूटी पार्लर, कुकिंग, वेस्ट मटेरियल से उपयोगी चीजें बनाना, आर्टिफिशयल ज्वेलरी, गोदना एवं वर्ली आर्ट, सजावट के झूमर बनाना, ड्राईंग, पेंटिंग, टेराकोटा, आकर्षक सोफा कवर, टेबल क्लाथ, कुशन, बैग एवं पर्स, इम्ब्रायडरी, वाल पेंटिंग, सिलाई-बुनाई, व्हीआईपी, पत्तल दोना, हस्तकला आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छात्राओं को कैसियों, हारमोनियम, ड्रम, गिटार, कांगों, ढोलक एवं अन्य वाद्य यंत्रों को बजाने एवं एकल तथा ग्रुप में प्रस्तुति देने की बारीकियां सिखायी जा रही है। अंग्रेजी भाषा की बारीकी से परिचित करा इबारती प्रश्नों के मौखिक एवं कठिन प्रश्नों को हल करने के टिप्स बताए जा रहे हैं। छात्राओं को कम्पयूटर का भी अभ्यास कराया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में सफल विभूतियों, वैज्ञानिकों के संघर्षों एवं उनकी सफलता से अवगत कराया जा रहा है तथा शिक्षाविदों एवं विभुतियों के प्रेरक भाषण सुनाए जा रहे है। छात्राएं विभिन्न सकारात्मक गतिविधियों में उत्साह के साथ भागीदारी कर रही हैं आकर्षक सामग्रियां बना रही है। पहली बार छुट्टियों में आयोजित इस तरह की गतिविधियों से छात्राओं में भारी उत्साह है।

TOP IN SURGUJA

डॉ.बी.मिंज
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in pain management) Interventional pain physician and spine Endoscopist
दिनांक 11 एवं 12 मई 2024, समय - सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
(अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें मो.- 8770826055, 9827731775)
बिना ऑपरेशन पीठ दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द, घुटने का दर्द, एड़ी का दर्द, सायटिका, मांसपेशियों एवं पसलियों का दर्द एवं अन्य तीन महीने से पुराना किसी भी प्रकार के दर्द का इलाज (सुईनुमा तकनीक, दूरबीन पद्वति) से मध्यप्रदेश के प्रसिद्व दर्द निवारक एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी मिंज द्वारा किया जाता है।
सिटी हॉस्पिटल नमनाकला अम्बिकापुर
टीप:- प्रत्येक माह के द्वतीय शनिवार एवं रविवार को उपलब्ध रहेंगे (अगले माह 8 एवं 9 जून 2024)

क्या आप परेशान है इन सबसे
उदासी
चिन्ता
घबराहट
डर
चिड़चिड़ापन
नशे की लत
मंद बुद्धि
सेक्स समस्या
याद्दाश्त की कमी
शक करना
पागलपन
इन सभी समस्याओं के लिए सम्पर्क करें
यदि आप उपरोक्त लक्षणों में से किसी एक से पीड़ित है तो आपको जाँच की आवश्यकता है
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
आपके शहर अम्बिकापुर सुप्रसिद्ध जाने माने मनोचिकित्सक रोग विशेषज्ञ
डॉ.रितेश सिंह
MBBS, MPH, DCMH, CCPM (NIMHANS BANGALORE)
मनोचिकित्सक रोग विशेषज्ञ
EMERGENCY 24 HOUR SERVICE
दिनांक - 16 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024, समय: सुबह 10 बजे से 3 बजे तक शाम: 5 बजे से 8 बजे तक
पता बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज के सामने, अम्बिकापुर
9424250281, 8120906000, 8120809000

सरगुजा मार्केट

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S. , M.D. DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हॉस्पिटल रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जांच एवं उपचार हेतु।
21 अप्रैल 2024 दिन रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 अप्रैल 2024 दिन-शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा के सर्वप्रथम
स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक- 28 अप्रैल 2024, रविवार
नोट- डॉक्टर पांचवें रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपरस्पेशलिटी सेंटर
"पारस हाइट्स", गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास, दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग., मो.- 7587722255

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

शानदार 27 वर्ष
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur
9826183771, 9691620315
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
COURSE GUIDANCE
DCA PGDCA BCA BA B.LIB MSW
PGDRM MA MBA MSC M.COM
O Level Tally
अधिकृत केन्द्र
NIELIT AISECT TEPL CSC

किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
डॉ.आर.के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE)
DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
डॉ रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दिनांक- 28 अप्रैल 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

15 Ambikapur-BHOOMI-pg 4-0_Layout 1 4/15/2024 9:45 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### 4 सौ से अधिक कन्याओं का पूजन कर कराया गया सामूहिक भोज

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसाइटी के आकाश तिवारी एवं मनोज प्रजापति के नेतृत्व में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर स्थानीय लरंगसाय कम्युनिटी कमेटी हाल में विशाल सामूहिक कन्या भोजन एवं पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 400 से अधिक कन्याओं के पैर धोकर, चुनरी ओढ़ाकर पूजन करते हुए उपहार स्वरूप अध्ययन सामग्री एवं अन्य सामग्री भेंट की गई। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसाइटी द्वारा चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित सामूहिक कन्या भोजन एवं पूजन कार्यक्रम को लेकर कई दिन पूर्व से व्यापक स्तर में तैयारी की जा रही थी। सामूहिक कन्या भोजन एवं पूजन कार्यक्रम में रामानुजगंज सहित आसपास के गांव के कन्याएं भी शामिल हुई। छत्तीसगढ़ वेलफेयर सोसाइटी के आकाश तिवारी एवं मनोज प्रजापति ने बताया कि 9 कन्याओं को मां दुर्गा के नौ स्वरूप मानकर पूजा की जाती है और इन सभी के नाम अलग-अलग होते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार 2 साल की कन्या को कन्याकुमारी, 3 साल की कन्या को त्रिमूर्ति, 4 साल की कन्या को कल्याणी, 5 साल की कन्या को रोहिणी, 6 साल की कन्या को कालिका,7 साल की कन्या को चंडिका, 8 साल की कन्या को शांभवी और 9 साल की कन्या को मां दुर्गा रूप माना जाता है। वही 10 साल की कन्या को सुभद्रा कहा जाता है। देवी पुराण में बताया गया है कि नवरात्रि में मां भवानी जितना प्रसन्न कन्या भोजन से होती है उतना प्रसन्न हवन और दान से भी नहीं होती है। आकाश तिवारी एवं मनोज प्रजापति ने बताया कि विगत 4 वर्षों से सामूहिक कन्या भोजन एवं पूजन का कार्यक्रम कराया जा रहा है।

### पारंपरिक देवी भजन के साथ ज्वार लेकर श्रद्धालुओं ने किया नगर भ्रमण



**प्रतापपुर।** चैत्र नवरात्रि व रामनवमी के अवसर पर जस गीत जवारा के साथ में ग्रामीण क्षेत्र के लोग 9 दिन माता रानी का पूजन करने के साथ ही घर में जवारा बुनकर गाल व जीभ में लोहे का बाना धारण कर पारंपरिक देवी भजन के साथ में जवारा निकालते है। आज तंबूरा और मांदर के थाप पर झूमते नाचते श्रद्धालु नगर में जवरा लेकर भ्रमण किया। भक्तों को आशीर्वाद देते हुए हाथ में खप्पर लेकर ज्वार के साथ माताओं और भक्तों द्वारा दर्जनों की संख्या में श्रद्धालु नगर भ्रमण किया। माना जाता है की देवी इनके ऊपर में सवार होते है बड़े ही कठिनाई के साथ में पूरा दिन इस तरह से गाल में त्रिशूल आरपार कर गर्म खप्पर लेकर निकलते है जिससे यह व्रत काफी कठिन माना जाता है। नगर में भ्रमण कर रहे ज्वारा को देखने और आशीर्वाद बडी संख्या में लोगों की भीड़ उमडी।

### साप्ताहिक बाजार की जगह परिवर्तन दुर्गावती चौक पर लगेगा साप्ताहिक बाजार

**मानीचौक।** ग्राम केतका में रविवार को लग रहे साप्ताहिक बाजार के जगह को परिवर्तन कर रानी दुर्गावती चौक के समीप स्थानांतरित किया गया है।



भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अवसर पर ग्राम पंचायत केतका के ग्रामीणों ने साप्ताहिक बाजार का जगह स्थानांतरण कर नए जगह में स्थापित किया गया है। क्षेत्र में वर्षो से जिस स्थान पर साप्ताहिक लग रहा था वह जगह छोटा होने के कारण व्यापारियों सहित लोगों को काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ता था। ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच,सहित ग्रामीण आपसी सहमति बनाकर साप्ताहिक बाजार का जगह चयन किया गया है और आने वाले रविवार को दुर्गावती चौक पर बाजार संचालित होगा। इस दौरान सरपंच बाबू लाल सिंह टेकाम, उप सरपंच राज्यपाल कोर्राम, गणेश कोर्राम, देवसाय आयम, रुपेश मरकाम, अंबर आयम, निलेश, अनुराग उरेती,जीतराम मरावी, मिलेश टेकाम, जय प्रकाश, सोनू प्रताप,आशीष पैकरा, डिकलेश, अक्षय, विकास सिंद्राम उपस्थित रहे।

## जगह-जगह किया गया स्वागत

# चैत्र नवरात्र के अवसर पर श्री राम सेना ने शहर में निकाली भव्य शोभा यात्रा



शोभायात्रा में शामिल युवा।



शोभायात्रा में शामिल उड़ीसा का कालाहांडी कटप्पा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- कालाहांडी कट्टप्पा रहा आकर्षण का केंद्र

चैत्र नवरात्र व रामनवमी के अवसर पर सप्तमी के दिन श्री राम सेना द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ शहर के दुर्गा मंदिर से निकली गई शोभा यात्रा नगर भ्रमण उपरान्त देर शाम महामाया मंदिर में समाप्त हुई जहां महाआरती की गई। इस दौरान शोभा यात्रा जगह जगह स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में उड़ीसा का कालाहांडी कटप्पा, गुजरात से काली माई महाबली हनुमान की झांकी, धुमाल बैंड पार्टी लोगों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। बता दें कि चैत्र नवरात्र के मौके पर शहर सहित जिले का माहौल भक्तिमय हो गया है और जगह जगह विभिन्न आयोजन हो रहे है। ऐसे में चैत्र नवरात्र व रामनवमी के अवसर पर श्री राम सेना द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन सप्तमी के दिन किया गया। शोभा यात्रा को लेकर श्रीराम सेना द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। शहर के घड़ी चौक, देवीगंज रोड, महामाया चौक सहित अन्य स्थानों पर श्री राम सेना द्वारा वृहद् पैमाने पर सजावट की गई थी इसके साथ ही शहर को भगवा रंग से रंग दिया गया। सोमवार की शाम श्री राम सेना द्वारा शहर के दुर्गा मंदिर से शोभा यात्रा की शुरुआत की गई। शोभा यात्रा में उड़ीसा कालाहांडी कटप्पा, गुजरात से काली माई की झांकी, मोनू एन्ड टीम अंबिकापुर, महाबली हनुमान, भगवान शिव व माता पार्वती बनारस, राधा कृष्ण नृत्य रायपुर की झांकी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही लोग धुमाल एवं ढोल का भी जमकर आनंद लिया। शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों की धुनपर जमकर थिरके। शहर में निकाली गई शोभा यात्रा का जगह जगह विभिन्न समाज के लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा नगर भ्रमण उपरान्त महामाया मंदिर पहुंची जहां आरती के के बाद शोभा यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान शहर में जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।





राम दरबार एवं भगवान की शिव की जीवंत झांकी।

# सप्तमी को देवी मंदिरों में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सुबह चार बजे ही लग जा रही है श्रद्धालुओं की लाइन
- देवी को मिल रहा नगदी व आभूषणों का चढ़ावा

चैत्र नवरात्रि में शहर सहित पूरे जिलेभर के लोग शक्ति की उपासना में लीन हैं। नवरात्र में भोर होते ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लग रही है। लोग भक्तिभाव से देवी की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। नवरात्र के प्रथम दिन से ही देवी मंदिरों में लगातार श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। महामाया मंदिर में सुबह 4 बजे ही श्रद्धालु देवी का दर्शन-पूजन करने कतार में खड़े हो जा रहे है। महिलाएं पैदल लम्बी दूरी तय कर भोर में ही मंदिर पहुंच रही है। श्रद्धालुओं के दर्शन-पूजन का क्रम देर रात तक चल रहा है। नवरात्रि में माता महामाया की पूजा करने पूरे संभाग के अतिरिक्त प्रदेश के अन्य क्षेत्रों व दूसरे प्रांतों के भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यही स्थिति अन्य देवी मंदिरों की है। शहर के सांडबार स्थित वनदेवी मंदिर, चोपड़ापारा काली मंदिर, गौरी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत कुदरगढ़ धाम में हर रोज हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं तथा पहाड़ की कठिन चढ़ाई पूरी कर धाम में स्थित देवी की पूजा करने पहुंच रहे है। धाम में पूरे दिन श्रद्धालुओं का ताता लग रहा। धाम में न केवल सरगुजा बल्कि छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों के साथ यूपी, एमपी, झारखण्ड, बिहार, दिल्ली व राजस्थान के श्रद्धालु पहुंच रहे है। कुदरगढ़ लोकन्यास के आजीवन सदस्य पूरे दिन मौजूद रहकर श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रख रहे है। देवी का पूजन करने के उपरांत श्रद्धालु मेला का लुत्फ उठा रहे है। इस बार बड़ी संख्या में सेवाभावी युवाओं ने 21 हजार का शुल्क भुगतान कर ट्रस्ट की आजीवन सदस्यता ली है। सदस्यता लेने वाले युवा पूरे दिन परिसर में मौजूद रहकर श्रद्धालुओं की सेवा कर रहे है। ट्रस्ट द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर विजय कुण्ड एवं ज्योति कलश कक्ष के शेड का निर्माण कियाजा रहा है। ट्रस्ट द्वारा पुराने शेड की जगह नया शेड बनवाया जा रहा है।



कुदरगढ़ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़।

### चढ़ावे में मिल रही नकद राशि एवं आभूषण

कुदरगढ़ धाम में पहुंचने वाले श्रद्धालु देवी को हर दिन नगर राशि व सोने-चांदी के आभूषण देवी को चढ़ावा दे रहे है। ट्रस्ट द्वारा अतिमहत्वपूर्ण लोगों के दर्शन के लिए सौ रूपए का शुल्क निर्धारित किया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शुल्क भुगतान कर देवी का वीआईपी दर्शन कर रहे हैं। वीआईपी दर्शन से ट्रस्ट को हर दिन अच्छी आय हो रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु ट्रस्ट के खाते में आनलाइन माध्यम से चढ़ावा की नगद राशि जमा कर रहे हैं। ट्रस्ट को वीआईपी दर्शन से रविवार को 1 लाख 29 हजार व सोमवार को 1 लाख 35 हजार की आय हुई है। दो दिन मे ट्रस्ट को रविवार को 1.39 लाख रूपए का नगद चढ़ावा एवं सोने-चांदी के छत्र, लॉकेट, त्रिशुल, बिंदी व नेत्र चढ़ावा में मिले थे।

### मंदिर परिसर में लगाए जा रहे पंखे

भीषण गर्मी में पहाड़ी पर स्थित मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पंखे लगाए जा रहे हैं। ट्रस्ट के अध्यक्ष भुवन भास्कर सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं ने ट्रस्ट को 15 पंखे दान में दिए हैं। पहाड़ी पर स्थित मंदिर परिसर में दोपहर के दौरान भीषण गर्मी लगती है। दान में मिले पंखों को मंदिर परिसर में लगाया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अन्य सुविधाएं भी विकसित की जा रही है।

### कोयला लोडिंग को लेकर एसईसीएल ओवर मैन के साथ दुर्व्यवहार

**बिश्रामपुर।** नियम विरुद्ध तरीके से कोयला लोडिंग कराए जाने की बात को लेकर कोल लिफ्टर द्वारा एसईसीएल के ओवर मैन के साथ विवाद किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के अमेरा खदान में सोमवार की दोपहर कोयला स्टॉक के पास अपनी वाहन को नियम विरुद्ध तरीके से कोल लिफ्टर सुजीत द्वारा कोयला लोड कराने का प्रयास किया जा रहा था। तभी ड्यूटी में तैनात एसईसीएल कम्पनी के ओवर मैन कैलाश नाथ द्वारा कोल लिफ्टर को ऐसा करने से मना किया गया। इस बात से नाराज होकर कोल लिफ्टर द्वारा ओवरमैन कैलाश नाथ के साथ धक्का मुक्की करते हुए अभद्र व्यवहार किया जाने लगा। इस बात की सूचना ओवर मैन कैलाश नाथ द्वारा तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारीयों को दी गई, इस पर पर वरिष्ठ अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर लिफ्टर सुजीत को नियमानुसार कोयला लोडिंग कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट



■ बोटाक्स फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060

# गर्मी की छुट्टियों में स्पेशल समर लाइब्रेरी की दी जाए सुविधा : आदित्येश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- जिपं उपाध्यक्ष ने कलेक्टर को लिखा पत्र, अभिभावकों की भावनाओं से कराया अवगत

जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने कलेक्टर सरगुजा को पत्र लिख कर शहर के बच्चों, महिलाओं एवं अन्य वर्ग हेतु गर्मी की छुट्टी में स्पेशल समर लाइब्रेरी की व्यवस्था शुरू कराने की मांग की है। विगत दिनों शहर में जनसंपर्क के दौरान कई स्थानों से लोगों ने जानकारी दी कि पहले स्कूली बच्चे काफी आराम से लाइब्रेरी में पुस्तकों का अध्ययन कर पाते थे किन्तु इस वर्ष लाइब्रेरी के प्रथम तल में मरम्मत का कार्य कराया जाना है जिसके कारण उस तल को बंद कर दिया गया है। यह भी जानकारी मिली है कि मरम्मत के लिए राशि का भी अभाव है ऐसी स्थिति में कब तक वह तल पुरा होगा इसकी समुचित जानकारी किसी के पास नहीं है। वहीं दूसरी ओर लोकसभा चुनाव के बाद कई परीक्षाओं का आयोजन होना है जिसके कारण लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं की काफी भीड़ है और ये युवा भी वेटिंग में है। जिसके कारण छोटे बच्चों एवं अन्य लोगों को लायब्रेरी में समुचित व्यवस्था नहीं मिल पा रही है। आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने अपने पत्र में लिखा है कि कई अभिभावकों ने जानकारी दी है कि बच्चें कहानी के पुस्तकें एवं कई अन्य ज्ञानवर्धक पुस्तकों का अध्ययन करने गर्मी छुट्टी में जाते रहे हैं लेकिन इस वर्ष यह व्यवस्था वहां नहीं मिल पा रही है। जिपं उपाध्यक्ष श्री सिंहदेव ने कहा कि इतने बड़े शहर में यदि हम छोटे बच्चों के लिए लाइब्रेरी की सुविधा नहीं दे पा रहे हैं तो इससे बड़ी विडम्बना और क्या होगी। केदारपुर स्कूल अथवा अन्य स्थान पर अप्रैल माह से लेकर जुलाई तक के लिये समर स्पेशल लाइब्रेरी जैसी व्यवस्था बच्चों, महिलाओं एवं अन्य लोगों के लिये जिला प्रशासन एवं ई-लाइब्रेरी की व्यवस्था देख रहे विभाग को शुरू करनी चाहिए जिससे बच्चों में पढ़ने की प्रवृत्ति का विकास हो। साथ ही उन्होंने रविवार को लाइब्रेरी खोलने की जिला प्रशासन की योजना का स्वागत किया है किन्तु बच्चों के लिए भी जिला प्रशासन को ध्यान देने की मांग की है।

### चोरों ने पार किया सोलर पंप, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** सिंचाई के लिए लगाए गए सोलर पंप को चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम सुमेरपुर निवासी अतुल लकड़ा चेन्द्रा फॉरेस्ट गोदाम के पीछे सिंचाई के लिए सौर सुविधा योजनान्तर्गत क्रेड़ा विभाग के सहयोग से सौर पम्प लगवाया था जिसे रात में चोरो पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## बिजनेस प्लस



### कल्याण ज्वेलर्स का भव्य शुभारंभ

**अम्बिकापुर।** शहर के बनारस रोड में रविवार को कल्याण ज्वेलर्स के शोरूम का भव्य शुभारंभ किया गया। शोरूम के शुभारंभ के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा ग्राहकों को शुन्य प्रतिशत मेकिंग चार्ज का महाऑफर दिया जा रहा है। कल्याण ज्वेलर्स में हर ज्वेलरी में बीआईएस हॉलमार्क द्वारा शुद्धता की गारंटी दी जा रही है। संस्थान में हर वर्ग की जरूरत का ख्याल रखते हुए आकर्षक डिजायन में प्लेटिनम, सोना, चांदी, पोल्की की ज्वेलरी उपलब्ध है। संस्थान में कैंडलियर की लाइफ स्टाइल ज्वेलरी भी उपलब्ध हैं।




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग पर क्षतिग्रस्त साइड डिवाइडर की अब तक नहीं हो सकी मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



पखवाड़े भर पूर्व भटगांव-बिश्रामपुर मार्ग पर स्थित पासंग नाला के पास समीप शासकीय राशन लोड ट्रक के पलटने से साइड डिवाइडर क्षतिग्रस्त हो गया था, इसकी मरम्मत का कार्य अब तक न हो पाने से सड़क हादसा होने का भय बना रहता है। गौरतलब है कि नगर से लगे पासंग नाला के पास पखवाड़े भर पूर्व शासकीय राशन लोडकर शासकीय उचित मूल्य दुकान में भंडारित कराने जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया था। ट्रक पलटने से सड़क किनारे बनाए गए लोहे का साइड डिवाइडर भी वाहन की चपेट में आने से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि क्षतिग्रस्त डिवाइडर की वजह से यहां से आवागमन करने वालों में हमेशा किसी अनहोनी का भय बना रहता है। बावजूद इसके यहां की स्थिति को सुधारने आज तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई पहल नहीं की गई है। ऐसी स्थिति में आमजन में काफी नाराजगी व्याप्त है। क्षेत्रवासियों द्वारा उक्त गंभीर समस्या से निजात दिलाए जाने हेतु विभागीय अधिकारियों से मांग की है। बिश्रामपुर-भटगांव सड़क काफी मार्ग काफी व्यस्तम मार्ग है जहां छोटी बड़ी वाहनों का सदैव आवागमन होता रहता है। उक्त सड़क में कुछ सकरी पुलिया व कुछ घुमावदार मोड़ भी है,ऐसी स्थिति में यहां साइड डिवाइडर के मरम्मत कार्य नहीं कराए जाने से कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है।

### दूसरे के घर अज्ञात व्यक्ति ने फांसी लगाकर दी जान

**रामानुजनगर।** ग्राम साल्ही निवासी हरगोविंद सिंह आयाम आज सुबह लगभग 10 बजे अपने कमरे में सो रहा था जबकि उसकी पत्नी पास के ही तालाब में स्नान करने गई थी। दोपहर को पत्नी स्नान कर घर लौटी और जैसे ही अंदर दाखिल हुई तो उसके होश उड़ गए। घर के बरामदे में अज्ञात व्यक्ति फांसी में लटका हुआ था। शव को देख महिला शोर मचाने लगी। महिला के शोर मचाने पर पति सहित आसपास लोग मौके पर पहुंचे और अज्ञात व्यक्ति के मृत हालत में फांसी में लटका देख तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव का शिनाख्त कराया तो गांव के लोग पहचान नहीं सके। जिस पर पुलिस ने शव को अस्पताल के मरच्यूरी कक्ष में रखवा कर जांच शुरू कर दी है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशिः-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

MRM HOSPITAL Caring for You
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
5 Decade Caring for you TEJ Tej Diagnostic Group (A unit of MRMH Pvt. Ltd.)
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

| | |
|---|---|
| डॉ. मोहित गुप्ता MD (Medicine), मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ | डॉ. हेमन्त कुमार बी MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश |
| डॉ. पूजा MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली ), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ | डॉ. आशीष कुमार जायसवाल एम.डी. फिजीशियन |
| डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ | डॉ. मनोज भारती MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ |
| मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ | सैंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ |
| डॉ. सुरभि BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ | डॉ. हिमांशु गुप्ता MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. विकास गुप्ता MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ | डॉ. जी के दामले MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ |
| डॉ. संदीप गुप्ता MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई | डॉ. प्रवीन कुमार सिंह MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ |
| आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट | फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी |

अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774-222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध